कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001-2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष-15, अंक-01, जनवरी 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन - 1800 1800 545








# कंपनी सेक्रेटीज का दीक्षांत समारोह

कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल अपनी कार्यकुशलता, लम्बे अनुभव, बाज़ार की गहरी समझ और श्रेष्ठ व्यावसायिक सिद्धांतों के अनुसार कंपनी को लगातार नई ऊँचाइयों देते रहे हैं। श्री सतीश अग्रवाल का ऊर्जावान व्यक्तित्व और युवाओं को लगातार बढ़ावा देने की उनकी कोशिश के फलस्वरूप देश में कुशल और क्षमतावान प्रोफेशनलों की नई पीढ़ी को दिशा मिल रही हैं। कारपोरेट जगत में श्री सतीश अग्रवाल एक रोल मॉडल हैं, जिनसे प्रेरणा और आशीर्वाद पाने के लिये युवा प्रोफेशनल्स में गहरी उत्कंठा रहती है। शायद इसी कारण से इंसटीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया (ICSI) ने अपने नॉर्दन रिजन के चौथे दीक्षांत समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश अग्रवाल को आमंत्रित किया।

देश के भावी कंपनी सेक्रेट्रीज को दीक्षांत के खास अवसर पर डिग्री प्रदान करने और उन्हें श्रेष्ठ व्यावसायिक सिद्धांतों के अनुसार काम करने की प्रेरणा देने के लिये श्री सतीश अग्रवाल अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी 5 जनवरी 2015 को दिल्ली के पैरेड रोड स्थित मैकेनशॉ सेंटर ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुये।

कार्यक्रम में ICSI के प्रेसीडेंट श्री आर श्रीधरन एवं चीफ एक्जेक्यूटिव व ऑफिसिएटिंग सेक्रेटी श्री सुतानु सिन्हा के साथ ही ICSI के नॉर्थ इंडिया रीजनल काउंसिल के चेयरमैन श्री श्याम अग्रवाल की उपस्थिति में श्री सतीश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई। सुबह करीब साढ़े दस बजे से प्रारंभ हुये इस दीक्षांत समारोह में लगभग 550 कंपनी सेक्रेट्रीज उपस्थित थे।

ICSI भारत में कंपनी सेक्रेट्री के पद के लिये प्रोफेशनलों को प्रमाणपत्र और सदस्यता प्रदान करने वाला देश का एकमात्र मान्य संस्थान है। वर्तमान में संस्थान में 32 हज़ार से अधिक पंजीकृत सदस्य हैं। संस्थान का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और इसके अंतर्गत चार रीजनल कांउसिल हैं जो कि नई दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और मुंबई में स्थित हैं।

दीक्षांत समारोह में इस वर्ष प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले कंपनी सेक्रेट्रीज को संबोधित करते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "आप सभी सफलता के साथ अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं आप सबको बधाई देता हूँ। कंपनी सेक्रेट्री का दायित्व काफी अहम है, क्योंकि वैधानिक मामलों में कंपनी का अधिकारिक प्रवक्ता और दिशानिर्देशक होने के साथ-साथ वह कंपनी के निवेशकों के हितों का भी रक्षक होता है।"

भारत में 5 करोड़ या उससे अधिक पेड अप शेयर कैपिटल वाली कंपनियों में एक क्वालिफाइड कंपनी सेक्रेट्री को नियुक्त करना अनिवार्य है। वहीं एक करोड़ से अधिक और 5 करोड़ से कम पेड अप शेयर कैपिटल वाली कंपनियों को कंपनी सेक्रेट्री द्वारा जारी कंप्लायंस प्रमाणपत्र लेकर रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास जमा करना अनिवार्य है। भारत में कंपनियों की बढ़ती हुई संख्या और आकार को देखते हुये क्वालिफाइड कंपनी सेक्रेट्री की काफी मॉग है।

श्री सतीश अग्रवाल ने कंपनी सेक्रेट्रीज को उनके दायित्वों को याद दिलाते हुये कहा, "आपकी हमेशा ही कोशिश रहनी चाहिये कि आप जिस कंपनी से जुड़े वहाँ आदर्श बिजनेस सिद्धांतों पर चलते हुये काम करें। कंपनी से जुड़े वैधानिक मामलों पर आप सटीकता और बेबाकी से स्पष्ट राय दें। साथ ही कंपनी के अंदर लोकतांत्रिक मूल्यों से किसी भी तरह के भटकाव को समर्थन न देते हुये बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स को सही निर्णय करने में सहयोग करें। मेरी शुभकामना है कि अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुये आप सभी देश की आर्थिक प्रगति में अधिक से अधिक योगदान देंगे।"

# बिहार में जागरूकता कार्यक्रम





बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड समय–समय पर निर्माण उद्योग से जुड़े लोगों को जागरुक बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने हाल में ही बिहार में मुजफ्फरपुर ज़िला के बड़कागॉव में एक विशाल मैसन मीट का आयोजन किया। इस मैसन मीट में करीब 150 स्थानीय राजमिस्त्रियों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम को बड़कागॉव में कामधेनु के डीलर, मेसर्स शक्ति हार्डवेयर के श्री संजीत जायसवाल के सहयोग से डीलर प्वाइंट पर आयोजित किया गया। मैसन मीट के आयोजन की सारी जवाबदेही निभाते हुये, कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स शुभम एसोसिएट्स के श्री वैभव टिकमानी पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। राज्य में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी सरिया की निर्माता कंपनी मेसर्स दादीजी स्टील्स की ओर से श्री अखिलेश सिंह और श्री कृष्ण कुमार बैठक में शामिल हुये।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित राजमिस्त्रियों को कंपनी से जुड़ी जानकारी दी गई और कामधेनु उत्पादों की बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में बताया गया। मैसन मीट को संबोधित करते हुए श्री वैभव टिकमानी ने कहा कि कामधेनु इस्पात लि0 अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा ध्यान देती है। बेहतरीन गुणवत्ता की वजह से कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों का इस्तेमाल फ्लाईओवर, बाँध, राजमार्ग जैसी बड़ी परियोजनाओं में किया जा रहा है।''


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों को उपहार स्वरूप औजारों का किट दिया गया। कामधेनु उत्पादों के फायदे जानकर उपस्थित राजमिस्त्रियों ने अधिक से अधिक इसके उपयोग को बढ़ावा देने की बात की और कामधेनु उत्पादों को काफी सराहा।

# गणतंत्र दिवस समारोह में ओबामा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अतिथि के रूप में अमेरीकी राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा का भारत आना एक ऐतिहासिक महत्व की घटना है। वैसे तो ओबामा 2010 में भी मुंबई और दिल्ली आ चुके हैं, पर यह पहला मौका है जब कोई अमेरीकी राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने जा रहे हैं।

माना जा रहा है कि अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान श्री मोदी और श्री ओबामा की मुलाकात के बाद से ही दोनों महानुभावों के बीच अच्छे संबंध की शुरूआत हुई। म्यानमार में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर वार्ता तथा ऑस्ट्रेलिया में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों के बीच हुई मुलाकातों से यह संबंध और भी अधिक प्रगाढ़ हो गया और श्री मोदी जी के आमंत्रण पर अमेरीकी राष्ट्रपति ने हामी दे दी।

खुले आसमान के नीचे गणतंत्र दिवस परेड के लिये 2 घंटे तक श्री ओबामा की मौजूदगी के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर अमेरिका और भारत की सभी शीर्ष एजेंसियों को भी काफी मेहनत करनी पड़ी। साथ ही अमेरिका ने पाकिस्तान को भी इस दौरान किसी भी तरह की भारत विरोधी कारवाई न करने के लिये चेतावनी दी।



# वाइब्रेंट गुजरात निवेशकों का दिल जीतने में सफल

Vibrant GUJARAT
The Global Business Hub

11 से 13 जनवरी के बीच संपन्न हुआ 7वॉं वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम कई मायनों में खास रहा। मोदी जी के मुख्यमंत्री पद को छोड़ कर प्रधानमंत्री बनने के बाद का यह पहला वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम था और इसकी सफलता ने यह साबित किया है कि राज्य की नयी मुख्यमंत्री आनंदी बेन पटेल निवेशकों का विश्वास बनाये रखने में कामयाब रहीं हैं।

वाइब्रेंट गुजरात, 2015 में 110 देशों की 1250 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 25 डेलीगेट्स शामिल हुये। 3 दिनों के इस कार्यक्रम के दौरान 400 व्यावसायिक बैठकें की गईं, 1250 पार्टनरशिप एग्रीमेंट हुये और कुल 25 लाख करोड़ रू0 के निवेश की सहमति बनी।

कार्यक्रम का उदघाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उदघाटन समारोह में निवेशकों को प्रोत्साहित करते हुये उन्होंने भारत को व्यावसाय के लिये सबसे आसान जगह बनाने का भरोसा दिलाया और और स्थाई टैक्स व्यवस्था लाने की अपनी योजना बताई। समारोह में अमेरीकी सेक्रेटी ऑफ स्टेट श्री जॉन कैरी से प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी के साथ मुलाकात की और आपस में गले मिले।






# कामधेनु क्रिकेट टूर्नामेंट

भारत में निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद देश भर में भरोसे और उच्च गुणवत्ता का पर्याय बन चुके हैं। आज कामधेनु इस्पात लि0 टीएमटी सरियों की सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक है जिसका डीलर नेटवर्क देश के कोने–कोने तक फैला है। देश के कोने–कोने में आज कामधेनु उत्पादों की माँग तेजी से बढ़ रही है। देश के बाकी हिस्सों की तरह ही हरियाणा में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता के कारण राज्य के कामधेनु डीलरों को तेज गति से व्यावसायिक बढ़त का लाभ मिल रहा है।

हरियाणा का मार्केटिंग डीविजन राज्य के डीलरबंधुओं के साथ बहुत ही तालमेल से काम करता है और राज्य भर में कंपनी का मार्केटिंग नेटवर्क सफलता के साथ अपनी बाजार भागीदारी बढ़ा रहा है। हरियाणा के डीलरबंधुओं के बीच टीमवर्क व सहयोग की भावना को और अधिक मजबूती देने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ाने के दोहरे उद्देश्य से गन्नौर में कामधेनु क्रिकेट टूर्नामेंट, हरियाणा–2014 का आयोजन किया गया।

29 नवंबर 2014 को गन्नौर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये इस टूर्नामेंट में स्थानीय डीलर मेसर्स गोयल सीमेंट स्टोर के श्री अजय गोयल, श्री विजय गोयल एवं श्री सोनू गोयल सहित जी टी करनाल बेल्ट के कई डीलरबंधुओं ने गेंद और बल्ले का कमाल दिखाया। इस आयोजन में कंपनी के जीएम–मार्केटिंग श्री राकेश मिसरी, सीनियर मैनेजर–मार्केटिंग श्री सुनील सैन तथा असिस्टेंट मैनेजर–मार्केटिंग श्री पंकज धीमान भी उपस्थित रहे।

कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय गुप्ता ने पूरे खेल के दौरान सक्रिय भागिदारी देते हुये श्री सुनील सैन के साथ मिल कर खूबसूरती के साथ लाइव कमेंट्री की।

शुरूआत में श्री सुनील सैन ने उपस्थित डीलरबंधुओं के समक्ष स्वागत भाषण देते हुये टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। सुबह ठीक 11 बजे कामधेनु लॉयन्स और कामधेनु टाइगर्स टीमों के बीच मैच शुरू हुआ। कामधेनु टाइगर्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम के कैप्टन श्री अजय गोयल की 64 रनों की सधी हुई पारी की बदौलत कामधेनु टाइगर्स ने 16 ओवरों में 7 विकेट खोकर 125 रन बनाये। इसका जवाब देने अम्बाला कैंट के डीलर मेसर्स अग्रवाल आयरन स्टोर के श्री निखिल अग्रवाल की कैप्टनशिप में कामधेनु लॉयन्स की टीम मैदान में उतरी। मेसर्स गोयल सीमेंट स्टोर, गन्नौर के श्री सोनू गोयल ने नाबाद 66 रन बनाते हुये कामधेनु लॉयन्स को मात्र एक विकट के नुकसान पर जीत दिला दी। 14 वें ओवर में ही 129 रन का स्कोर बना कर मिली इस जीत में मेसर्स हिन्दुस्तान आयरन एंड स्टील ट्रेडर्स, साहा के श्री रवि कंसल की 39 रनों की आतिशी पारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री रवि कंसल ने अपनी पारी के दौरान मैच का सबसे लंबा छक्का भी जड़ा।

मैच की समाप्ति पर श्री राकेश मिसरी ने विजेता टीम और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरित किया। श्री सोनू गोयल मैन ऑफ द मैच घोषित हुये और श्री अजय गोयल को वैल्येबुल कंट्रीब्यूशन के लिये एवार्ड दिया गया। सबसे लंबा छक्का लगाने के लिये श्री रवि कंसल को एवार्ड मिला। श्री संजय गुप्ता एवं श्री सुनील सैन को लाइव कमेंट्री के लिये एवार्ड दिया गया। आखिर में कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय गुप्ता ने उपस्थिति एवं सहयोग के लिये सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुये टूर्नामेंट की औपचारिक समाप्ति की घोषणा की।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

| श्री दिव्य गोयल | श्री बिमल गुप्ता, श्री जॉनी | श्री सुभाष दत्त |
|---|---|---|
| **मेसर्स गोयल आयरन स्टोर** | **मेसर्स गुप्ता सीमेंट स्टोर** | **मेसर्स दत्त ट्रेडिंग कम्पनी** |
| बलताना, जिरकपुर | कुराली | सुल्लरघरात |
| पंजाब | मोबाइल – 09814117529 | मोबाइल – 01676–238255 |
| मोबाइल – 09815987993 | 09463101829 | 09417086667 |

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.01.2015








KAMDHENU PAINTS

# कामधेनु पेंट्स के संग
# सोनू निगम लाईव कन्सर्ट










सजावटी पेंट के क्षेत्र में अग्रणी भारतीय कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट आज देश भर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और विविधता के लिये जाना जाता है। भारत की सबसे तेजी से बढ़ रही सजावटी पेंट कंपनी बन चुकी कामधेनु पेंट्स कम समय में ही महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाब रही है। विभिन्न बाज़ार जरूरतों को ध्यान में रखते हुये आज कंपनी हर प्रकार के उपभोक्ताओं की रूचि और आवश्यकता के लिये पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है।

अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक कामधेनु पेंट अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिये कामधेनु पेंट की सेल्स व मार्केटिंग डिवीजन, नियमित तौर पर डीलरों के लिये पुरस्कार और इनामी योजनायें निकालता रहता है। पिछले वर्ष की डीलर इंसेटिव ''बॉलीवुड स्टार नाइट स्कीम'' को मिली सफलता को देखते हुए और पेंट डीलरों की इच्छा को ध्यान में रख कर कंपनी ने एक नई स्कीम लॉच की है।

इस स्कीम के तहत कंपनी ने लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलरों को 2 दिनों के लिये दिल्ली के समीप गुडगॉव के हयात रिजेंसी, मानेसर में ठहरने तथा **सोनू निगम लाइव इन कंसर्ट** व दूसरे रंगारंग कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका दे रही है। 1 नवंबर से 31 जनवरी के बीच जिन डीलरबंधुओं ने स्कीम के अंतर्गत निर्धारित मात्रा के बराबर या अधिक कामधेनु पेंट उत्पाद उठाया है उन्हे इस प्रोग्राम में शामिल किया जायेगा इसके अर्न्तगत देश भर के डीलर बन्धुओं ने इसमें उत्साह दिखाकर प्रवेश कर लिया है।

4 और 5 अप्रैल 2015 को होने वाले इस म्यूजिकल मेगा इवेंट में फिल्म, टीवी और संगीत की दुनिया कई जाने–माने सितारे आ रहे हैं। बॉलीवुड के मशहूर गायक **दिव्य कुमार और शशि सुमन** इस कार्यक्रम में संगीत का जादू बिखेरने आ रहे हैं। वहीं 'इंडिया गॉट टैलेंट' समेत टीवी पर कई डांस प्रतियोगिता जीतने वाली प्रसिद्व जोड़ी सुमंत और सोनाली का बैड सालसा डांस ग्रुप भी इस कार्यक्रम के दौरान नाच के दिलचस्प नज़ारे पेश करेगा। देर शाम इंटर–स्टेट डीलर्स डांस कंपीटीशन होगा और लाइव डीजे पर देर रात तक पार्टी चलेगी।

दो दिन के मस्ती भरे आयोजन के बीच किंगडम ऑफ ड्रीम्स में विश्वस्तरीय मनोरंजक शो देखने और 'अप्पू घर' जाकर 10 एकड़ के वाटर पार्क में जमकर मज़ा करने का भी मौका डीलरबंधु उठा पायेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन टारगेट के बादशाह साबित हुये डीलरबंधुओं को **प्रसिद्ध फिल्म अदाकारा एवं पूर्व मिस एशिया पैसेफिक दिया मिर्जा** अपने हाथों से पुरस्कार प्रदान करेंगी। कार्यक्रम का आखिरी और सबसे धमाकेदार आकर्षण होगा सोनू निगम और उनके ग्रुप के संगीतकारों का लाइव परफॉरमेंस। 5 अप्रैल की रात सुरीले नगमों की बरसात लेकर आयेगा।

कामधेनु पेंट के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने देश भर के पेंट डीलर्स से अपील किया कि, ''यह स्कीम आपके लिये है, हमारी कोशिश रहती है कि आपको अपनी लगन और मेहनत का ईनाम मिले। 4 और 5 अप्रैल का हमारा कार्यक्रम आपके लिये यादगार लम्हों की सौगात लेकर आ रहा है। आप इस स्कीम में दिल से भाग लें और अपने जीवन में भी खुशियों के रंग भरें।''




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com